Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी


दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 26-07-2022 | अंक 296

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बिरनी को लिखा पत्र

बिरनी प्रमुख रामु बैठा ने सभी विद्यालयों में तड़ित चालक अनिवार्य रूप लगाने को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बिरनी को लिखा पत्र पत्र में प्रमुख रामु बैठा ने कहा कि बिरनी प्रखंड के लगभग विद्यालयों भवनों पर तड़ित चालक हैं। जिस विद्यालय में नही है। तो क्यो तथा कितने विद्यालय भवनों पर तड़ित चालक नही है उस विद्यालय का सूची उपलब्ध करते हुवे उक्त विद्यालय भवन पर तड़ित चालक लगाया जाए ताकि स्कूल के सभी बच्चें सुरक्षित रहें।


रामु बैठा
प्रमुख
प्रखण्ड - बिरनी, जिला - गिरिडीह
(झारखण्ड)
पिन कोड - 825324

आवास
ग्राम - सिमराढाब, पो० - फलेजिया
थाना - बिरनी, जिला - गिरिडीह
झारखण्ड, पिन कोड - 825324
मो० - 7004470507, 9934393561

पत्रांक
दिनांक

# विष्णुगढ़ पहुंचे हाथियों के झुंड ने मचाई तबाही

## आंगनबाड़ी केन्द्र को तोड़कर रखे चावल व दाल को चट कर गए

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

जंगली हाथियों का झुंड सोमवार की रात गिरिडीह जिला से विष्णुगढ़ प्रखंड की सीमा पर प्रवेश कर गया। जिसके बाद झुंड ने तबाही मचाना शुरू कर दिया। झुंड में हाथियों की संख्या लगभग 25 बताई जाती है। रात में हाथियों ने मड़मो पंचायत के चिरूडीह में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र को निशाना बनाया। केन्द्र का दरवाजा तथा खिड़की को तोड़कर उसमें रखा लगभग 50 किलो चावल तथा दस किलो दाल चट कर गए। इसके अलावा परिसर में लगे चापाकल को क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जाता है गिरिडीह वन विभाग की टीम ने झुंड को खदेड़कर हजारीबाग जिला में प्रवेश करा दिया। इसके बाद हाथी विष्णुगढ़ क्षेत्र में तबाही मचाना शुरू कर दिए। विष्णुगढ़ में प्रवेश करने के बाद झुंड दो दलों में बंट गया है। एक झुंड ने मड़मो पंचायत में तबाही मचाई तो दूसरा झुंड रात 11 बजे मुंगो होते हुए चटकरी गांव आ धमका। चटकरी में झुंड ने लालमणि महतो के मकई खेत को रौंद दिया। मेघलाल महतो की भिंडी की फसल को बर्बाद कर दिया। इसके अलावा खरकट्टो रोहिणियांटांड में एक चहारदीवारी को ध्वस्त कर दिया। मुंगो में भी एक आदिवासी के घर को ध्वस्त करने की सूचना है। अहले सुबह चार बजे झुंड जोबर आ पहुंचा। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। गांव में हाथियों के पहुंचने के बाद ग्रामीण भय एवं अनहोनी की आशंका को लेकर रतजगा करते रहे। मंगलवार को हाथियों का एक झुंड जोबर पंचायत भवन के पास अवस्थित जंगल में विश्राम करता हुआ देखा गया। वहीं, एक झुंड मड़मो के जंगल में मौजूद था। ग्रामीणों को आशंका है कि मंगलवार की रात झुंड आसपास गांवों के घरों को निशाना बना सकते हैं। ग्रामीणों में वन विभाग के रवैए को लेकर आक्रोश है।


चिरूडीह आंगनबाड़ी केन्द्र में हाथियों द्वारा किए गए नुकसान को देखते ग्रामीण



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मृतक अजय दुबे के परिजनों से मिलने पहुंचे हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप एवं सचिव मिथिलेश मिश्रा

### मृदुल स्वभाव के थे अजय : उमेश प्रताप

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश प्रताप, सचिव मिथिलेश मिश्रा, संयुक्त सचिव नवीन सिन्हा एवं अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति मंगलवार को मृतक अजय दुबे के परिजनों से मिलने पहुंचे। वहीं उनके परिजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया। अध्यक्ष उमेश प्रताप ने कहा की अजय के सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने पत्रकारिता के साथ साथ समाजसेवा में भी अपना खूब नाम कमाया, उनके असामयिक निधन से बरही को काफी क्षति पहुंचा है। वहीं हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। मौके पर हजारीबाग प्रेस क्लब के सचिव मिथिलेश मिश्रा, संयुक्त सचिव नवीन सिन्हा, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, अनुज कुमार, सोनू पंडित, राज आर्यन उर्फ छोटी, धनंजय कुमार, अजय कुशवाहा, अनुज सिंह एवं विकास कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

## सरकारी सुविधा से वंचित है दिव्यांग विद्यार्थी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में लक्ष्मण कुमार दास पिता बिनोद दास एवं प्रियंका कुमारी उम्र 14 वर्ष पिता बैजनाथ राम है। दोनो छात्र दिव्यांग है सही से बोल नही पाते है। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है की अभी तक दोनो छात्रों का दिव्यांग प्रमाण पत्र नही बन पाया है। जिसके कारण लक्ष्मण कुमार और प्रियंका कुमारी सरकार के द्वारा मिलने वाली सभी सुविधा से वंचित है। विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मला पंडित ने बताई की दोनो छात्र पूरी तरह से दिव्यांग है। दोनो छात्र अन्य छात्रों के जैसे पढ़ने और लिखने में असमर्थ है। साथ ही उन्होंने कहा की इन दोनो विद्यार्थियों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए कई बार आवेदन दिया गया। लेकिन अभी तक दोनो विद्यार्थियों का दिव्यांग प्रमाण पत्र नही बन पाया है। जिसके कारण दोनो छात्र सरकारी सुविधा से वंचित है।




## कारगिल विजय दिवस : प्राणों की आहुति देकर सपूतों ने बढ़ाया था भारत का मान : संजय यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


संजय यादव

बरही प्रखंड के युवा समाजसेवी संजय यादव ने कहा की 23 साल पूर्व कारगिल युद्ध में भारत के वीर सपूतों ने जिस अदम्य साहस का परिचय दिया था। वह इतिहास के पन्नों पर स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है, जब भी कारगिल युद्ध का जिक्र होता है। तब खुद-ब-खुद इन वीर सपूतों के सम्मान में सिर झुक जाते हैं। हम सबको उनकी शहादत पर नाज है। अपनी जान की बाजी लगाकर भारत मां के लालों ने पाकिस्तानी सैनिकों को रणछोड़ बना दिया था। दो महीने तक चली जंग में हमारे पांच सौ से ज्यादा वीर सपूत शहीद हो गए। सैकड़ों पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। साल 1971 में भारत-पाकिस्तान से ज्यादा कारगिल युद्ध-1999 में भारत के जवान शहीद हो गए और पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। देश के वीर सपूतों ने अपनी जिंदगी देश के लिए न्योछावर कर दी। आखिरकार 26 जुलाई 1999 में वीर योद्धाओं ने जंग जीतकर भारत की ताकत का एहसास कराया और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

## कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को नमन : अजहरुदीन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


अजहरुदीन


प्रत्येक देश के अपने कुछ एतिहासिक दिवस होते है जब उस राष्ट्र के नागरिकों को अपने वतन पर अभिमान करने के अधिक तम अवसर प्राप्त हो। अपने इतिहास के गौरव और पराक्रम की गाथाएं सुनहरे भविष्य की नींव डालती हैं. हमारे बच्चों के लिए देश के जाबाज वीरों ने एक से बढ़कर ऐसी शौर्य गाथाएं प्रस्तुत की हैं। बलिदान और अद्भुत पराक्रम के ऐसे उदाहरण भारत के वीरों को अपनी मातृभूमि के लिए सर्वस्व त्याग के लिए सदैव प्रेरित करती रहेगी। पाकिस्तान द्वारा अंत. र्राष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन के बाद वैश्विक समुदाय में उसकी साख को गहरी चोट पहुंची तथा भारत और भारत की सेना के पराक्रमी शौर्य के प्रदर्शन के लिए दुनिया ने प्रशंसा की. देश के लिए कारगिल युद्ध में 2 लाख जाबाजों ने अपना पराक्रम दिखाया था. युद्ध की समाप्ति तक भारत को 550 वीरों का बलिदान देना पड़ा तथा 1400 यौद्धा घायल हुए। हम उन वीर सपूतों को नमन करते हैं। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री अमर जवान ज्योति पर बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजली अर्पित करते है। देशभर में कारगिल डे को हर्षोल्लास के साथ विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा भारतीय सेना को सेल्यूट किया जाता हैं, जो न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा करती है बल्कि कुदरत के कहर से बचाने के लिए हरदम अपना सर्वश्रेष्ठ देती है।

### कविता

कारगिल की पर्वत चोटी दुश्मन था वहाँ ऊँचाई पर, चोरी से घुस आया बुज़दिल था उतरा वह नीचाई पर, वीरों ने धावा बोला और मार फेंका गहराई पर, देश गर्व करता है अपने युवकों की तरुणाई पर, वीर बांकुरों ने ललकारा पर्वत चोटी थी ठण्ड भरी था। सुभाष सा जोश बुलंदी भगत सिंह सी खरी खरी वीर शिवा जी राणा प्रताप की याद में ऑखें क्रोध भरी। मार भगाया दुश्मन को भागी वो फौजें डरी डरी, सन उन्नीस सौ निन्यानवे छब्बीस जुलाई विजय का दिन, जोश भरा था वीरों में अवसर आया वह मन भावन, कुर्बानी को याद किया भावों में डूब गया हर मन, कारगिल विजय दिवस पर गर्वित आज भी होता है हर मन।

## विद्युत चोरी के मामले में सोलह पर प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के बेला, करगईयो एवं आस पास के क्षेत्रों में सोमवार को झारखंड बिजली वितरण निगम के आदेश पर विद्युत चोरी के रोकथाम में अभिषेक आनंद के नेतृत्व छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल में ओमकार जयसवाल कनीय विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा चौपारण हरिद्वार कुमार सारणी, सीता राम नायक, संजीव घोष सहित बिजली विभाग के कई अन्य कर्मी शामिल थे। विद्युत ऊर्जा चोरी के मामले में मुमताज आलम न्यू क०लोनी बरही, प्रयाग यादव बेला, द्वारिका राम बेला, मनोज राम बेला, शंकर राम बेला, परमेश्वर राम बेला, प्रदीप राम बेला, मुस्तकिम अंसारी बेला, समसुद्दीन अंसारी बेला, दिनेश दास बेला ( हरिजन टोला), महेश दास (हरिजन टोला) बेला, उमेश दास (हरिजन टोला) बेला, बासुदेव दास (हरिजन टोला) बेला, जगदीश दास (हरिजन टोला) बेला, लोकनाथ दास (हरिजन टोला) बेला एवं चंद्रदेव दास (हरिजन टोला) बेला शामिल है। वहीं सभी नामजद अभियुक्तों पर 302/22 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## केन्द्र सरकार केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करना बंद करे : अवधेश सिंह

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार गुरुवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में केन्द्र सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा कांग्रस के राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी जी को सम्मन जारी कर परेशान किए जाने के विरोध में राजधानी रांची मोरहाबादी बापू वाटिका के समक्ष शांतिपूर्ण सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह नें सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार के इशारे पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी के विरूद्ध पक्षपातपूर्ण रवैए अपनाते हुए राजनीत से प्रेरित होकर प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है । उन्होंने केन्द्र सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि केन्द्र सरकार केन्द्रीय जांच एजेंसियों का खुलेआम दुरूपयोग करना बंद करे नही तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं । बरही विधायक उमाशंकर शंकर ने कहा कि केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैए तथा अपने शासन की वि. फलताओं को छुपाने और जनता का ध्यान भटकाने के लिए की जारही प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा कार्यवाई को असफल करने के लिए कांग्रेस का एक–एक कार्यकर्ता पुरी एकजुटता से खड़े हैं। कांग्रेस पार्टी अपने राष्ट्रीय अध्यक्षा सोनिया गांधी व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के मान सम्मान के लिए लंबी लड़ाई लड़ने के लिए हर समय तैयार है। शांतिपूर्ण सत्याग्रह कार्यक्रम में बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, जोनल कोडीनेटर भीम कुमार, पूर्व अध्यक्ष जवाहर लाल सिन्हा, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, महासचिव बिनोद यादव, दिलीप कुमार रवि, संजय कुमार तिवारी, महेश यादव, शकलदेव पाण्डेय, विजय कुमार सिंह ओबीसी के जिलाध्यक्ष सुरजीत नागवाला सचिव दीपक गुप्ता, संजय दुबे, महेश यादव के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल वीर शहीदों को दी गई श्रद्धा पूर्ण श्रद्धांजलि.

### कारगिल दिवस ओर भाषण, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बेहतर प्रदर्शन करने वाले पेअतिभागी

श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर विद्यालय निदेशक , प्राचार्य ,विद्यार्थियों व शिक्षकों के द्वारा वीर शहीदों को श्रद्धापूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दिवस पर भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस कारगिल विजय दिवस पर विद्यालय निदेशक रोहित राज सिंह ने कहा कि यह दिन है उन शहीदों को याद कर अपने श्रद्धा– सुमन अर्पण करने का है, जो हंसते–हंसते मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। यह दिन समर्पित है उन्हें जिन्होंने अपना आज हमारे कल के लिए बलिदान कर दिया। इस मौके पर बच्चों ने देशभक्ति ,अनेकता में एकता आधारित विषयों के सवालों जवाबों से अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। बच्चों ने देश की शान ति. रंगा झंडा के प्रति अपना स्नेह और श्रद्धा प्रकट करते हुए अपनी चित्रकारी, भाषण व सामूहिक चर्चा के द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन भी किया । साथ ही विद्यार्थियों ने यह शपथ भी लिया कि जिस प्रकार कारगिल युद्ध के अमर शहीदों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अपने देश की रक्षा के लिए दुश्मनों का डटकर मुकाबला कर देश को विजय दिलाई। उस विजय का हम हमेशा सम्मान करेंगे और समय आने पर देश पर प्राण न्योछावर करने में पीछे नहीं हटेंगे। ।जिन विद्यार्थियों ने इस दिवस पर अपनी कला का प्रदर्शन किया उनमें– प्रियांशु , रोशन, विद्या, प्राची, स्वाति ,सायना, अंजलि, मधु, पीयूष, प्रसून, अली हसन, शुभम पांडे, अनुज जयसवाल ,लकी ,परी, कोमल, शुभम, मेघा ,निशु, पायल, और माही के साथ–साथ शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

मो० समसुल

वायरिंग, पलम्बर, मोटर फीटिंग एवं रिपेयरिंग के लिए संपर्क करे।



संपर्क सं0–8825280049

## टीएसएस नेता अरुण साहू ने की रिम्स मरीज के लिए 2 यूनिट ब्लड व ऑक्सिजन युक्त बेड की व्यवस्था

### तिलेश्वर साहू सेना आपके सेवा के लिए सदैव तत्पर : अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मरीज से मिलते अरुण साहू

बरही प्रखंड के करियातपुर निवासी चमारी ठाकुर अपने शाली फूलमती देवी के इलाज के लिए राँची रिम्स पहुँचे। वहाँ उन्हें तत्काल 2 यूनिट ब्लड एवं समुचित इलाज की जरूरत थी। इस बात की सूचना उन्होंने अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण साहू को दिया। श्री साहू सूचना मिलते ही तुरंत अपने निजी वाहन से रिम्स अस्पताल पहुँचकर मरीज के लिए 2 यूनिट ब्लड, ऑक्सिजन युक्त बेड एवं इलाज के लिए समुचित व्यवस्था किया। श्री साहू ने कहा कि नर सेवा, नारायण सेवा तिलेश्वर साहू सेना के सभी सदस्य आपके सेवा के लिए सदैव तत्पर हैं। कहा कि टीएसएस हमेशा गरीबो की सेवा के लिए है। हर समस्या का समाधान के लिए हमेशा टीएसएस के एक एक कार्यकर्ता संकल्पित है।

## सूर्य मंदिर परिसर में किया गया पौधा रोपन, लगाए गए आवंला एवं बेल के पौधे

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पौधारोपण करते सूर्यमन्दिर कमेटी के लोग

बरही पूर्वी पंचायत स्थित सूर्य मन्दिर परिसर में दूसरा सोमवारी के अवसर पर मंदिर में पूजा अर्चना के बाद आईसीएआर (गौरियाकरमा) के वैज्ञानिक दंपति के साथ पौधा रोपण किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के साथ डo विशाल एवं उनकी पत्नी, डo दीपक गुप्ता भी शामिल रही । मौके पर सूर्य मंदिर कमेटी के गणेश सिंह, श्याम सिन्हा,पप्पू सिंह,धर्मेन्द्र सिंह, आयुष सिंह,विनय सिन्हा,रोहित यादव, पीयूष यादव,अखिलेश चौधरी, मनोज कुमार उपस्थित होकर सामूहिक रूप से आंवला और बेल का पौधे लगाए। मौके पर सूर्य कमेटी के अध्यक्ष गणेश सिंह ने कहा कि सूर्य मन्दिर बरही धार्मिक स्थानों में एक है।यहां वैवाहिक व अन्य पूजन कार्य सुविधाजनक रूप से तैयार किया जा रहा है। अभी यहां कार्य निरन्तर चल रहा है,मन्दिर का गुम्बद का कार्य अभी अधूरा है, बरही वासियों से सहयोग की अपेक्षा है। मन्दिर पुजारी पप्पू पांडेय और अजय पांडेय के द्वारा संकल्प कराया गया।

## रेन्बो स्कूल में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया गया नमन

### कारगिल विजय दिवस हमारी वीर सेना की शौर्य और बलिदान का परिणाम है : सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में मंगलवार को कारगिल विजय दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। साथ ही देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा करने का संकल्प लिया। स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों ने वीर अमर शहीदों को नमन कर उन्हें याद किया। स्कूल के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। ने कारगिल विजय दिवस के बारे में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे वीर सेना की शौर्य और बलिदान का परिणाम है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जो लगभग 60 दिनों तक चलने के बाद 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ। इस युद्ध में भारत की विजय हुई थी। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 1971 के भारत–पाक युद्ध के बाद भी कई दिन सैन्य संघर्ष होता रहा। यह युद्ध आधिकारिक रूप से 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ। युद्ध के दौरान 550 सैनिकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और 1400 के करीब घायल हुए थे। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद शिक्षक पंचम पांडेय ने किया। मौके पर गौरी शंकर, पंचम पांडेय, प्रवीण कुमार, महेंद्र प्रसाद, राजेश यादव, राजकुमार गुप्ता, पूजा दुबे, उषा कुमारी, रिंकी कुमारी स्वेता कुमारी, प्रीति कुमारी, सरिता कुमारी, रिफ्फत प्रवीण, रौशनी कुमारी, खुशबू कुमारी आदि उप. स्थित रहें।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कोडरमा जिला फुटबॉल एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न

### जल्द शुरू होगा अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए ओपन ट्रायल – नवनीत ओझा





**अपेम लाइव कोडरमा**
**धीरज कुमार**

जिला फुटबॉल एसोसिएशन की पहली बैठक झुमरीतिलैया के शाही रेस्टोरेंट में मंगलवार को आयोजित की गई द्य बैठक का मुख्य उदेश्य जिला एसोसिएशन कमिटी का विस्तार , जिला फुटबॉल लीग की जल्द घोषणा के साथ साथ अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए ओपन ट्रायल करवाना शामिल था द्य बैठक को सम्बोधित करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष अरशद खान और सचिव नवनीत ओझा (बंटी) ने कहा की एसोसिएशन को धारधार और मजबूती प्रदान करने हेतु बहुत जल्द सबके प्रयास से जिला फुटबॉल कमिटी का विस्तार किया जायेगा साथ ही अगस्त माह में होने वाले अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट में शिरकत करने के लिए जिला फुटबॉल टीम का चयन किया जायेगा जो ओपन ट्रायल के माध्यम से होगा द्य उन्होंने कहा की जिले के जितने भी फुटबॉल टीमें हैं वे इस ओपन ट्रायल मैं भाग लेने के लिए अपनी अपनी टीमों के साथ 31 जुलाई को झुमरीतिलैया के सीएच. हाई स्कूल के खेल मैदान में प्रातः 7:00 अपनी अपनी रिपोर्ट देंगे द्य बैठक में वरिष्ठ फुटब०ल खिलाड़ी उत्तम दासपाल , मनोज सिंह उर्फ गुड्डू , मो .हुसैन अली , धीरज कुमार , राजू यादव , तौफ़ीक़ हुसैन , अरुण कुमार , उमेश यादव , सोनू कुमार , रोहित कुमार रघु, भारत बक्शी, सुरेंद्र यादव, संजय कुमार यादव, दानिश हसन आदि ने अपने अपने विचार रखे और जिला फुटबॉल के उत्थान हेतु हरसंभव मदद का भरोसा दिया ।

## भाकपा जिला परिषद सदस्य कामेश्वर राणा के निधन पर जताया शोक

**अपेम लाइव कोडरमा**
**धीरज कुमार**



भाकपा जिला परिषद सदस्य स्वर्गीय कामेश्वर राणा के निधन पर आज 12वीं कार्यक्रम के अवसर पर भाकपा जिला परिषद कोडरमा ने स्वर्गीय कामेश्वर राणा के आवास पर पहुंच कर उनके चित्र पर माला अर्पण कर एक एक पुष्पांजलि करते हुए उनके आत्मा को शांति रहने के लिए 2 मिनट मौन धारण कर सभी जिला परिषद के साथियों ने एवं उनके परिजनों ने शोक संवेदना व्यक्त किया कामेश्वर राणा के निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई हैद्य कामेश्वर राणा पार्टी के साथ-साथ गांव सामाजिक एवं पेड़ पौधे लगाने में बहुत सारे रुचि लिया करते थेद्य इनके निधन से इलाके में शोक की लहर है द्य शोक सभा में सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक, भाकपा राज्य परिषद सदस्य एवं किसान सभा के जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह, जयनगर अंचल मंत्री अर्जुन यादव, कोडरमा अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव, सहायक अंचल मंत्री सुखदेव पांडेय, पूर्व अंचल मंत्री प्रदीप रजक, ब्रह्मदेव राणा, उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, सुखदेव राणा, सुदामा यादव, नूनू दास, रामकुमार यादव, मथुरा रजक, रविंद्र ठाकुर, मनु ठाकुर, पिंटू यादव, विनोद शर्मा, राजेश राणा, नारायण राणा, मनोज कुमार राणा, सकलदेव राणा, सिकंदर राणा, बंसी पंडित, मीना देवी, कलावती देवी, सरस्वती देवी, सरिता देवी, पार्वती देवी, कल्याणी देवी, शकुंतला देवी, दिलेशवरी देवी, अनीता देवी आदि लोग मौजूद थे ।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में मनाया गया विजय कारगिल दिवस

### कारगिल में शहीद हुए सभी शहीदों को बच्चों ने याद कर दी श्रद्धांजलि

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव--- प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचा. लित विद्यालय बीएम मे. मोरियल स्कूल में विजय कारगिल दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा वीर जवान शहीद अमर रहे अमर रहे का नारा लगा रहे थे।विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान ने सभी बच्चों को बताया कि आज का दिन कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। वहीं विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने सभी बच्चों को विजय कारगिल दिवस के बारे में जानकारी दिए। आगे उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ देश के देश के सभी महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में भी जानकारी दी जाती है ताकि बच्चों को अपने देश में होने वाली सभी घटनाओं का जानकारी मिल सके। वहीं विद्यालय के सेक्रेटरी प्रीति कुमारी बच्चों से कहा कि आप सभी भी बड़े होकर देश सेवा करने के लिए फौज में जाएं तभी शहीद वीर जवानों को सच्ची श्रद्धांजलि मिलेगी। मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय की शिक्षा चेयरमैन रंजीत कुमार, प्रीति कुमारी,विनोद कुमार नायक, संदीप शर्मा, ऐरिक टोप्पो,अमीन अंसारी,दिलेश्वर दास, सोनू कुमार,ऐलिस टोप्पो,हिमांशु कुशवाहा ,जेम्मा तिग्गा,आँचल कुमारी,अंजू कुमारी ,मुकेश कुमार,उमेश कुमार,सृष्टि कुमारी,विकास ठाकुर सहित सभी बचे उपस्थित थे।

## जी. एस. पब्लिक स्कूल में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

### बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने किया सबको हैरान

**अपेम लाइव डोमचांच**
**सुनिल रजक**




जी. एस. पब्लिक स्कूल में दिनांक 26 जुलाई को विद्यालय प्रांगण में कारगिल विजय दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने विद्यालय परिवार को संबोधित कर कारगिल विजय दिवस पर सभी को बधाई दिया एवं ऑपरेशन कारगिल में वीरगति को प्राप्त उन सभी सैनिकों को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित निदेशक नितेश कुमार ने भी इस दिवस पर सभों को संबोधित करते हुए ये कहा कि देश में हर साल 26 जुलाई यानी आज के दिन कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है. इस दिन ही कारगिल में भारत और पाकिस्तान के बीच लगभग 60 दिनों तक चले युद्ध का अंत हुआ था। भारत को इस युद्ध में जीत मिली थी। कारगिल युद्ध को हुए 23 साल हो चुके हैं। इस साल हम श्विजय दिवसश की 23वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। आज भी कारगिल में देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले वीर योद्धाओं की कुछ बातें रोम-रोम में देशभक्ति की लौ को प्रज्जवलित कर देती हैं। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर उन वीर योद्धाओं के साहस और बलिदान को याद किया जाता है। मौके पर उपस्थित उप-निदेशक नीरज सिंह ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं अपने संबोधन में ये कहा कि साल 1999 में पाकिस्तानी घुसपैठिये आतंकी और सैनिक चोरी-छिपे कारगिल की पहाड़ियों में घुस आए थे। इनके खिलाफ भारतीय सेना ने श्अ०परेशन विजयश शुरू किया और घुसपैठियों को मौत के घाट उतार दिया और भागने पर मजबूर कर दिया। 26 जुलाई को ही सेना ने अपने पराक्रम के दम पर कारगिल की पहाड़ियों को घुसपैठियों के चंगुल से पूरी तरह मुक्त करा लिया। तभी से इस दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।उपस्थित विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा कुमारी ने भी अपने संबोधन से सभी को आकर्षित किया और कहा कि भारतीय सेना को इस घुसपैठ की जानकारी चरवाहों से मिली। चरवाहों ने पाकिस्तानी सैनिकों और घुसपैठियों को वहां देख लिया था। इसके बाद भारतीय सेना ने घुसपैठियों से अपनी जमीन को खाली कराने के लिए श्अ०परेशन विजयश चलाया। उन्होंने अपने अपने संबोधन में एक नारा प्रस्तुत करते हुए ये कहा ष वतन पे जो फ़िदा होगा, अमर वो नौजवाँ होगा रहेगी जब तलक दुनिया, यह अफ़साना बयाँ होगाष कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के को-अ०र्डिनेटर सोनी चंदन ने भी बच्चों को ढेरो शुभक. ामनाएं दी और शहीद अमर जवानों को याद किया। कार्यक्रम में मंच संचालन में राघव सिन्हा की प्रस्तुति सराहनीय रही। उन्होंने अपने शब्दों से लोगो का मन मोहा एवं नारा ष्सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है, देखना है जोर कितना बाजू-ए-कातिल में है।ष कहकर कार्यक्रम में जोश भरने का काम किया। कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न तरह की प्रतिभाओं से लोगो का मन मोहा। अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने में विद्यालय की छात्रा स्वाती पांडेय ने एक खू. बसूरत विचार प्रस्तुत कर किया। तत्पश्चात हिंदी स्पीच में छात्रा रानी कुमारी ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं में मुस्कान, पल्लवी सिंह,रिया कुमारी ,पायल कुमारी,अनिशा कुमारी,पायल एवं कृष्णशी, रुचि कुमारी,रिया एंड ग्रुप आदि शामिल थे। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पोस्टर एवं बैनर के साथ अपनी प्रस्तुति दी। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं में आशीष कुमार,निरंजन कुमार,राजीव मिश्रा,ललित मेहता, शिवपूजन मोदी, दिगंबर पांडे,जितेंद्र कुमार,दीपक कुमार,शुभम मगधीया,सुनील कुमार शर्मा, रामलखन पासवान, मो. नवाज, अनुज सिंहा, रविकांत रवि, सुशीला कुमारी, आयुषी कुमारी, नेहा भ्रातपुरिया, सना इक़बाल, प्रीति प्रिया, मेहनाज परवीन, अमिषा कुमारी, काजल कुमारी, अनिता कुमारी, नेहा पंडित, काजल साह, रूबी कुमारी, गुड़िया कुमारी, काजल कुमारी, ममता सिन्हा,स्ने. हलता सिन्हा, मंजू सिंह, शमा परवीन, लक्ष्मी कुमारी, नैना कुमारी, अर्चना कुमारी, नेहा रजक, अंजलि रजक ने बच्चों के हौशले को बढ़ाया एवं अपनी भागीदारी निभाई।

## विष्णुगढ़ में ओम साईं अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में ओम साई अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

विष्णुगढ़ के ह०स्पिटल चौक स्थित ओम साईं सेवा सदन में अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन किया गया। जिप सदस्य दीपिका कुमारी, पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विपिन कुमार, डॉ धीरेंद्र करमाली, डॉ बसंती हेम्ब्रम, डॉ सचिन कुमार, डॉ अमरेश कुमार, पंसस मुन्नी देवी, लक्ष्मी कुमारी, प्रदीप कुमार आदि की उपस्थिति में मुख्य अतिथि ने फीता काटकर अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विष्णुगढ़ स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में नित नई उंचाईयों को छू रहा है। मानव जीवन में बेहतर स्वास्थ्य का अहम योगदान है। पहले गांव के मरीजों को बेहतर इलाज एवं जांच के लिए जिला मुख्यालय जाना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर बेहतर टेक्न०लोजी के साथ जांच की सुविधा हो गई है। इससे लोगों को सुविधा होगी। इसमें अनुभवी एवं प्रशिक्षित तकनीशिन की सेवाएं उपलब्ध होगी। मौके पर।समाजसेवी सुरेश राम, रोहित राम, बीटीटी नागेश्वर महतो, बेबी देवी, पिंकी चौरसिया, वीणा देवी समेत कई गणमान्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मुखिया व सांसद प्रतिनिधि ने किया ट्रांसफर का उदघाटन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



हजारीबाग सांसद जयन्त सिन्हा के सौजन्य से रामपुर पंचायत के वृंदा में उपलब्ध कराए गए 100 केवी ट्रांसफार्मर का स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, अनुमंडलीय सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव व राजेन्द्र चनद्रवंशी ने सामूहिक रूप से किया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए अर्जुन साव ने बताया कि वृंदा के ग्रामीण कई दिनों से अंधेरे में जिसकी सूचना मुझे दिया गया, हमने माननीय सांसद महोदय से बात बिना देरी किए ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवा दिया। ग्रामीणों में खुशी की कहर है। स्थानीय मुखिया सुनीता देवी ने कहा कि 15वें वित्त में राशि आना शुरू हो गया है। वार्ड वार कार्ययोजना भी लिया जा रहा है राशि आने पर बिना देरी किए पंचायतो में विकास की योजना धरातल पर उतारा जाएगा। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि सुधीर कौशल, सांसद के पीडीएस प्रतिनिधि सुनील सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष गजाधर प्रसाद, गिरजा साव, उप मुखिया उपेंद्र चंद्रवंशी, वार्ड सदस्य कैलाश यादव, मुनिलाल प्रसाद, बिनोद यादव, अयोध्या यादव, बाबूलाल पासवान, भोला यादव, मनीष यादव ,अर्जुन प्रसाद,एवम अन्य

## डोमचांच नवनिर्माण संघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

**अपेम लाइव डोमचांच**
**सुनिल रजक**




डोमचांच नवनिर्माण संघर्ष समिति के तत्वाधान में नगर पंचायत, डोमचांच के वार्ड नंबर -2 के दुरोडीह स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के निकट मंगलवार को वार्ड नंबर- 2 के निवासियों की आम सभा की गई। आम सभा की अध्यक्षता समिति के वरिष्ठ सदस्य देवनारायण यादव ने की तथा संचालन समिति के सचिव सह वार्ड प्रभारी सुनील कुमार सिन्हा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष संजय कुमार मेहता ने किया। आम सभा में डोमचांच नव निर्माण संघर्ष समिति के विभिन्न मांगो के तहत बेतहाशा होल्डिंग टैक्स वृद्धि को निरस्त करने, रोजगार के अवसर सृजित करने अथवा डोमचांच नगर पंचायत को भंग कर पुनः ग्राम पंचायत को बहाल करने, ष्महेशपुर हाल्टष को ष्महेशपुर स्टेशनष में तब्दील करने तथा विशाल जलाशय का निर्माण कर पेयजल समस्या व सिंचाई समस्या के समाधान किया करने आदि पर समर्थन लिया गया। वक्ताओं ने बेतहाशा होल्डिंग टैक्स वृद्धि के प्रति भारी आक्रोश व्यक्त किया और सर्वसम्मति से बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स वृद्धि के निरस्त नहीं होने तक होल्डिंग टैक्स नहीं चुकाने का संकल्प लिया तथा 15 अगस्त के बाद डोमचांच नगर पंचायत एक दिवसीय व्यापक बंदी को अभूतपूर्व तरीके से सफल करने का संकल्प लिया जिससे सरकार बढ़े हुए होल्डिंग टैक्स को निरस्त करें अथवा नगर पंचायत को ही भंग कर पुनः ग्राम पंचायत को बहाल करें। आम सभा को समिति के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मेहता, उपाध्यक्ष मनोज कुमार रजक, उपाध्यक्ष बसंत कुमार मेहता, महासचिव शैलेंद्र कुमार सिंह, सचिव शिव कुमार मेहता, संरक्षक सलीम अंसारी, श्याम लाल यादव, भिखारी राणा, कुलदीप राम, मिथिलेश कुमार राणा, बलदेव यादव, अर्जुन यादव, संजय कुमार यादव, संतोष यादव, गुलाब साव, प्रेमचंद गुप्ता, वार्ड पार्षद सुनीता देवी, श्याम सिंह राजपूत, शंकर पासवान आदि ने संबोधित किया। आम सभा में सरजू दास, मनीष राणा, शंभू यादव, प्रकाश साव, अशोक राणा ,राजेंद्र यादव, बद्री नारायण शर्मा, आनंद दास ,लक्ष्मी देवी, शारदा देवी, अरुणा देवी, प्रमिला देवी, कुंती देवी, पुष्पा देवी, विमला, देवी, जोगेश्वरी देवी, राधा देवी, आशा देवी, लखन साव, पिंटू राणा, मनोहर कुमार यादव, सुरेंद्र पेंटर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## आलोक सिंह बने मुखिया संघ के अध्यक्ष

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा :- प्रखंड के चलकुशा पंचायत भवन में सभी मुखिया के द्वारा मुखिया संघ के अध्यक्ष चुनाव को लेकर बैठक आयोजन किया गया। बैठक में मुखिया संघ का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से चलकुशा पंचायत के मुखिया आलोक सिंह को अध्यक्ष, कुमार अंशु उपाध्यक्ष,सलैयडीह पंचायत के मुखिया सुखदेव यादव को सचिव, एवं मसकेडीह पंचायत के मुखिया किरण देवी को कोषाध्यक्ष,सुदन पंचायत के मुखिया सबिता देवी को महामंत्री चुना गया। चलकुशा मुखिया आलोक सिंह को अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद आलोक सिंह ने चलकुशा प्रखंड के सभी मुखिया का आभार व्यक्त किया। और उन्होंने कहा कि पंचायतों का विकास सभी के सहयोग से किया जाएगा तथा सभी के मान सम्मान का ख्याल रखा जाएगा।ज्ञात हो कि प्रखंड में 9 पंचायतो के मुखिया उपस्थित रहे। जिसमें सेवाटांड मुखिया उर्मिला देवी मनैया मुखिया लखिया देवी खरगू मुखिया ललिता देवी अलगडीहा मुखिया अंजना देवी भी शामिल हुए। चलकुशा प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष चलकुशा पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया आलोक सिंह को चुने जाने पर जनप्रतिनिधियों ने बधाई दी है। बधाई देन. `वालों में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव जिप सदस्य सविता सिंह पूर्व जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी प्रखंड प्रमुख नीतू कुमारी, पत्रकार मुन्ना यादव, पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष दशरथ यादव ,रामदेव यादव ,केदार यादव, विक्रमादित्य सिंह, बासुदेव यादव, रामजीत रजक, उमेश साव, अब्दुल हलीम अंसारी, रामजीत चौधरी, दीपू चौधरी, शिव कुमार सिंह समेत कई लोग बधाई दिए।

## बडा बाज़ार युथ विंग के द्वारा कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त शहीद जवानों को स्मारक स्थल मे श्रद्धांजलि अर्पित की गई

### कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों की घटना को न भुलाया जा सकता है एवं ना ही मिटाया जा सकता है :- रोशनी तिर्की

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हजारीबाग शहर के परिसदन के स्थित शहीद स्मारक स्थल में कारगिल दिवस के अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों के शहादत को नमन कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा कारगिल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि के रुप में हजारीबाग की महापौर रोशनी तिर्की एवं वरिष्ठ समाजसेवी मुन्ना सिंह शामिल हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, उपाध्यक्ष संजय कुमार, रितेश खण्डेलवाल, संयोजक विकास केशरी, अजीत चंद्रवंशी का विशेष सहयोग रहा। यूथ विंग के सदस्यों के द्वारा पुष्प अर्पण कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को नमन किया एवं देश के प्रति उनके इस बलिदान को भी याद किया. मौके पर महापौर रोशनी तिर्की ने कहा कि कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों की घटना ना ही बुलाया जा सकता है और ना ही मिटाया जा सकता है। इस हमले से ना जाने कितने परिवारों की सुहाग कलाई में राखी बांधने के लिए भाई छीन गई साथ ही माता-पिता का जीने का सहारा से वंचित हो गए। कारगिल में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध जीते 22 साल हो चुके हैं। वर्ष 1999 में जब हमने पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध जीता था, तब दुनिया ने भारतीय सेना की बहादुरी की गाथा गई। देश इस जीत का जश्न मनाने के लिए पूरे भारत में हर साल कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। साथ ही कहा की 26 जुलाई उनकी शहादत के दिन कारगिल दिवस मना कर उनके शहादत को याद किया जा रहा है.... वरिष्ठ समाजसेवी मुन्ना सिंह ने कहा की भारत वीर योद्धाओं की भूमि है। भारत ने हमेशा कड़ा संघर्ष किया है और दुश्मनों को हमेशा धूल चटाई है। इसका एक ताजा उदाहरण कारगिल युद्ध के रूप में देखा जा सकता है। इस उपलब्धि पर भारत हर साल कारगिल विजय दिवस मनाता है। मौके पर यूथ विंग के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल ने कहा कि भारत ने हमेशा कड़ा संघर्ष किया है और दुश्मनों को हमेशा धूल चटाई है। इसका एक ताजा उदाहरण कारगिल युद्ध के रूप में देखा जा सकता है। कारगिल में भारत को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध जीते 23 साल हो चुके हैं। इस उपलब्धि पर भारत हर साल कारगिल विजय दिवस मनाता है। भारतीय सशस्त्र बल के सैनिकों ने हजारों फिट की ऊंचाई पर पाकिस्-तानी सेना को खदेड़ा और अपनी जमीन उनके कब्जे से वापस ली। वर्ष 1999 में जब हमने पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध जीता था, तब दुनिया ने भारतीय सेना की बहादुरी की गाथा गई। देश इस जीत का जश्न मनाने के लिए पूरे भारत में हर साल कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। मौके पर बटेश्वर मेहता, विशाल खंडेलवाल, संजय कुमार,विकास केशरी,अजीत चंद्रवंशी,अमन कुमार,बबलू कुमार,अनिल प्रसा, मुन्ना सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## वासिफ रजा बना टॉपर, बनना चाहता है आईएएस

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा. प्रखंड के कटघरा के कासिफ रजा के बेटे वासिफ रजा ने सीबीएसई बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा में 445 अंक लाकर प्रखंड टoपर बना. वासिफ रजा टॉपर बन इलाके का नाम रोशन किया. जिससे से घर, मोहल्ला, गांव में खुशी का माहौल है. वासिफ रजा गुड ड्रीम पब्लिक स्कूल मस्केडीह पढ़ाई किया. वासिफ रजा अपनी पढ़ाई घर में रहकर ही किया. उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा असगर अली, मां आसिया खातून, पिता कासिफ रजा, नाना मो जाकिर, नानी सहाबुन खातून एवं अपने शिक्षकों को दिया. वासिफ रजा आगे चलकर प्रशासनिक क्षेत्र मैं जाकर देश की सेवा करना चाहता है. वासिफ रजा ने कहा कि पढ़ाई में शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं माता पिता का भरपूर सहयोग मिला, जिसके कारण है या वहां हासिल कर पाया. प्रखंड टॉपर बनने पर जिप सदस्य सविता सिंह समेत कई लोगों ने बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की.




APEM LIVE

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जिला अनुश्रवण समिती की बैठक गिरिडीह उपायुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न

**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**



उपायुक्त, गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में उपायुक्त सभागार में आहुत झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना ( जेआरएफआरवाई ) 2022 के संबंध में जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति के बैठक की गई। झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना : झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना 2022 के कार्यान्वयन के संबंध में उपायुक्त महोदय के द्वारा सभी सहभागी पदा. धिकारियों के बीच विस्तृत चर्चा की गयी । उपायुक्त द्वारा इस अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना के संबंध में बताया गया कि इस योजना के तहत मुख्य रूप से प्राकृतिक आपदा और प्राकृतिक दुर्घटना के कारण फसल क्षति की स्थिति में कृषकों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी जिससे किसानों का कल्याण हो सके । योजना के अंतर्गत किसानों को एक निश्चित आर्थिक सहायता प्रदान करने का संकल्प सरकार द्वारा लिया गया है । इस योजना से भूमि स्वामी तथा भूमिहीन किसान दोनों लाभान्वित होंगे । इसके अंतर्गत किसानों को किसी भी प्रकार का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी तथा उन्हें फसल क्षति की स्थिति में सीधे तौर पर आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी । योजना के लाभ हेतु किसानों को अपना आवेदन निर्धारित वेब साईट पर ल०ग इन करना आवश्यक होगा । योजना से रैयत धारी एवं बटायीदार दोनों प्रकार के किसान लाभ के पात्र होंगे । योजना अंतर्गत खरीफ फसल ( धान , मकई ) एवं रबी ( गेहूँ , सरसों , चना एवं आलु ) अछादित होंगे । फसल क्षति के मामले में विभाग द्वारा एक पेआउट मैट्रिक्स ( पेआउट मैट्रिक्स ) विकसित किया गया है जिसमे 20 : के ऊपर फसल क्षति नुकसान होने पर तालिका के अनुसार पंजीकृत किसानों को फसल क्षति हेतु डीबीटी के माध्यम से सहायता राशि का लाभ दिया जाएगा । पंजीकृत किसानों को यदि भुगतान राशि का आकलन 100 : से कम होता है तो भी पात्र किसान को न्यूनतम 200 : प्राप्त होंगे द्य फसल हानि / क्षति का आकलन फसल कटनी प्रयोग के उपलब्ध डाटा के आधार पर किया जाएगा । किसानों द्वारा अपना – अपना आवेदन online https:@@ifry-jharkhand-gov-in पर या अ०नलाइन पोर्टल या किसी भी सीएससी / प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से किया जा सकेगा । योजना के लाभ हेतु किसानों के अर्हरता की शर्ते : किसान रैयत धारी हो या बटाईदार हों । झारखण्ड राज्य के निवासी हो । कम से कम 18 वर्ष की आयु पूर्ण करते हो । किसानों का वैध आधार संख्या हो । जमीन संबंधी आवश्यक दस्तावेज ( एलपीसी / जमीन रशीद ) द्य कम से कम 10 डिसमिल जमीन हो। योजना के कार्यान्वयन हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति ( डीएलसीसी ) निम्न प्रकार से होंगेः– प. उपायुक्त :– अध्यक्ष पप. अपर समाहर्ता :– सदस्य पपप. जिला सहकारिता पदाधिकारी :– सदस्य सचिव पअ. जिला सांख्यिकी पदाधिकारी :– सदस्य अ. जिला कृषि पदाधिकारी :– सदस्य अप. प्रबंधक जिला सहकारिता बैंक :– सदस्य अपप. जिला पंचायती राज पदाधिकारी :– सदस्य अपपप. परियोजना निर्देशक आत्मा :– सदस्य .प. जिला सुचना पदाधिकारी , एनआईसी :– सदस्य योजना के कार्यान्वयन हेतु प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति ( बीएलसीसी ) निम्न प्रकार से होंगे : 1. अंचलाधिकारी :– अध्यक्ष पप. अंचल निरीक्षक :– सदस्य पपप . प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी :– सदस्य, पअ. प्रखंड सहकारिता पदा. धिकारी / सहकारिता प्रसार पदाधिकारी :– सदस्य सचिव ट. प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी :– सदस्य अप. प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी :– सदस्य योजना के कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण के लिए पंचायत स्तरीय समन्वय समिति (पीएलसीसी) का गठन निम्न प्रकार होगाः– 1. मुखिया –अध्यक्ष पप. सभी ग्राम प्रधान – सदस्य पपप. पंचायत सचिव – सदस्य सह नोडल पदाधिकारी पअ. एटीएम/बीटीएम – सदस्य ट. हल्का कर्मचारी – सदस्य अप. फैक्स के अध्यक्ष /सदस्य सचिव – सदस्य अपप. जनसेवक – स द स्‍ य सभी संबंधित पदाधिकारी को उपायुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि योजना के व्यापक प्रचार प्रसार एवं जन जागरण हेतु आवश्यक एवं प्रभावी कार्रवाई करेंगे । सभी अंचलाधिकारी योजना के प्रचार प्रसार हेतु हेल्प डेस्क एवं हेल्प लाइन न जारी करेंगे इसके अलावे इस योजना का प्रचार प्रसार स्थानीय दैनिक समाचार पत्र फ्लेक्स / पोस्टर / बैनर / पैम्पलेट हैण्ड बील के माध्यम से भी करने का निर्देश दिया गया । सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग जिला प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर प्रचार प्रसार के कार्य में मुख्य भूमिका का निर्वहन करेंगे। क्षेत्रीय स्तर पर सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कार्यशाला सेमिनार / जागरुकता अभियान इत्यादि का आयोजन सुचना जनसम्पर्क ( पीआरडी ) द्वारा किया जायेगा द्य किसानों के आवेदन की त्वरित निष्पादन हेतु अंचलाधिकारी अंचल उप निरीक्षक , अंचल निरीक्षक न्यूनतम समय निर्धारित करेंगे ताकि सभी अ०नलाइन निबंधित आवेदनों का सत्यापन ससमय पूर्ण हो सके । किसानों के आवेदन के निबंधन के उपरांत अचल उप निरीक्षक एवं अंचल निरीक्षक शत प्रतिशत आवेदन एवं जमीन का सत्यापन सुनिश्चित करेंगे जिसमें 25 : आवेदकों के जमीन का सत्यापन स्वयं अंचलाधिकारी करेंगे 10 : सत्यापन सत्यापित आवेदन के साथ भूमि संबंधी रिकॅार्ड का शत प्रतिशत स्वीकृति अपर समाहर्ता द्वारा डीआ. ईसीसी – आवेदन डी सीति । किया जाएगा । सभी उपस्थित पदाधिकारी को यह भी निर्देश दिया गया कि योजना के क्रियान्वयन हेतु जिला सहकारिता पदा. धिकारी से समन्वय स्थापित करते रहेंगे ताकि योजना का लाभ ससमय किसानों को प्राप्त हो सके द्य उपरोक्त निर्देश एवं धन्यवाद ज्ञापन उपरांत बैठक की कार्यवाही समाप्त किया गया।

## पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृत्यु दावा का भुगतान

**अपेम लाइवः विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी**


लाभुक को बीमा राशि का चेक सौपते पूर्व विधायक नागेंद्र महतो

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत मड़मो निवासी लाभुक महावीर महतो को दो लाख रूपए का चेक सौंपा गया। मड़मो पंचायत भवन में आयोजित सादे समारोह में झारखंड ग्रामीण बैंक के बैंककर्मियों की उपस्थिति में बगोदर विस के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने लाभुक को चेक सौंपा। बीते कुछ महीनों पूर्व महाबीर महतो की पत्नी पार्वती देवी का आकस्मिक निधन हो गया था। पार्वती देवी ने पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा ले रखा था। इसी के तहत मृत्युदावा का भुगतान किया गया। पूर्व विधायक ने कहा कि बैंक खाताधारियों को पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना आवश्यक रूप से करवा लेना चाहिए। इसमें बहुत कम वार्षिक प्रिमियम का भुगतान करना होता है। बीमा का लाभ लेने पर दुर्घटना या आकस्मिक मौत होने पर उसके नॉमिनी को बीमा योजना का लाभ दिया जाता है।

APEM LIVE

## विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान गाडेय विधायक ने किया योजना का उद्घाटन

**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**



सोमवर को गाण्डेय विधान सभा क्षेत्र के माननीय विधायक डॉ सरफराज अहमद साहब के हाथो छोटकी खरगडीहा एवं नावाहार उच्च विद्यालय को 10+2 का मान्यता मिलने पर विधिवत रूप से उदघाटन किया गया । इसके लिए क्षेत्र की जनता ने राज्य के हेमंत सोरेन सरकार एवं स्थानीय विधायक ड० सरफराज साहब का भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया । निश्चित रूप से इससे ग्रामीण क्षेत्रो में शिक्षा का स्तर ऊँचा होगा । माननीय विधायक ने लोगो को खासकर विद्यालय में पढने वाले छात्र छात्राओ को संबोधित करते हुए अनुशासन के साथ गुणवतापूर्ण शिक्षा हासिल करने को कहा । बच्चो को आनेवाला भविष्य हो, कहकर संबोधित किए जिससे बच्चे काफी खुश हुए एवं मेहनत और लगन से पढने के लिए प्रेरित किए । उन्होने लोगो को कहा जो भी समस्या हो , जनहित का कार्य करते रहुंगा । मौके पर नुनुराम किस्कू उर्फ टाइगर , जैनुल अंसारी, हसनैन आलम, मो मिनसार, देवेन्द यादव, सुधीर रजवार, रेणुलाल चौरसिया, मो खुर्शीद अनवर हादी, सीताराम सोरेन, लखीराम मुर्मू, मंसुर अंसारी, गुलजार , शिक्षकगण , अभिभावक एवं बच्चे बच्चियाँ उपस्थित थे ।

## बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया

**अपेम लाइव :गिरीडीह
बजरंगी महतो**




बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल गिरिडीह में श्कारगिल विजय दिवसश मनाया गया। क्षेत्रीय निदेशक सह प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन डॉ पी हाजरा ने विद्यालय प्रांगण में स्थित श्शहीद–ए–कारगिल स्मारकश पर देश की आन बान शान का प्रतीक तिरंगा को फहराया और कारगिल युद्ध के दौरान अपनी मातृभूमि की खातिर बलिदान देने वाले महान सैनिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली अर्पित की। अमर सपूतों के साहस, शौर्य और बलिदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि ष्कारगिल विजय दिवस हमारे देश के सैनिकों के साहस, शौर्य एवं त्याग का प्रतीक है। कारगिल युद्ध 1999 में भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच 60 दिनों तक चली थी। जिसमें अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर सपूतों में कई सैनिक डीएवी के विद्यार्थी रहे हैं। जो हमारे लिए अनुकरणीय है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि हमें उन वीर योद्धाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर अपने देश की खातिर बलिदान होने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।ष इस अवसर पर विद्यालय में भाषण, कविता पाठ, चित्रांकन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने भाषण कविता एवं चित्रों के माध्यम से अमर सपूतों के त्याग बलिदान को याद कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यार्थियों शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## कुरमी को जनजाति सूची में शामिल करने की मांग को लेकर धरना

**अपेम लाइवः विष्णुगढ
मिथलेश गोल्डी**



अनुसूचित जनजाति में सूचीबद्ध करने की मांग को लेकर धरना देते कुरमी समाज के लोग

टोटेमिक कुरमी/कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की मांग को लेकर मंगलवार को विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना दिया गया। इसकी अध्यक्षता सारूकुदर मुखिया उत्तम महतो ने की। कहा कि आजादी से पूर्व कुरमी/कुड़मी आदिम जनजाति में सूचीबद्ध था। लेकिन 1950 में देश गणतंत्र घोषित हुआ तो कुरमी को छोड़कर शेष सभी आदिम जनजातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल किया गया। उस समय एक सांसद के संसद में पूछे गए प्रश्न के जवाब में तत्कालीन पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे सरकारी भूल होने की बात कहते हुए सुधारने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब तक यह समुदाय इसे सूचीबद्ध करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य सरकार के माध्यम से केन्द्र सरकार यथाशीघ्र कुरमी/कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचीबद्ध करने की पहल नहीं करती है तो आगामी 20 सितंबर से पूरे झारखंड में अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम किया जाएगा। अन्य वक्ताओं ने भी धरना को संबोधित किया। धरना के पश्चात धरनार्थियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इसे राज्य सरकार को अग्रसारित करने का अनुरोध किया। मौके पर गंगाधर महतो, भुनेश्वर महतो, कपिलदेव चौधरी, हीरामन महतो, बिनोद बिहारी महतो, नीलकंठ महतो, घनश्याम महतो, ओमप्रकाश महतो, टेकामन महतो, चेतलाल महतो, उमेश महतो, महादेव महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह उपायुक्त की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला कार्यक्रम बैठक संपन्न





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की बैठक हुई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, बाल विकास एवं कौशल विकास की चल रही योजनाओं की समीक्षा की गयी. स्वास्थ्य विभाग के संबंध में सिविल सर्जन ने बताया कि स्वास्थ्य सहिया को मधुमेह, बीपी एवं हिमोग्लोबिन की जांच का प्रशिक्षण दिया गया है. विद्यालयों में स्कूली बच्चों की स्वास्थ्य जांच का कार्य 22 अगस्त से प्रारंभ होगा. एनीमिया मुक्त भारत के तहत आईएफए की गोली विद्यालयों में छात्र छात्राओं के बीच शिक्षको के सहयोग द्वारा वितरित किया जाएगा. जिला कृषि पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएस के जिला समन्वयक ने बताया कि टपक सिंचाई की योजनाओं के तहत विशेष कार्य किया जा रहा है साथ ही 15 एकड़ में लेमन ग्रास की खेती की जा रही है एवं 50 एकड़ में ब्लैक व्हीट की खेती की जा रही है साथ ही 920 स्थानों पर ड्रिप इरिगेशन का कार्य किया गया है नर्सरी लगाकर सब्जी उत्पादन किया जा रहा है एवं वर्मी कंपोस्ट का प्रशिक्षण भी ग्रामीणों को दिया गया है आरसेटी के पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा सिलाई का ट्रेनिंग दिया गया है और साथ ही ब्यूटी पार्लर का भी आवासीय प्रशिक्षण दिया गया है

उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों की नियमित सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे साथ ही सभी स्वास्थ्य केन्द्रों का निरिक्षण कर पेयजल एवं शौचालय की सफाई पर विशेष ध्यान देंगे.कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में छात्राओं को दे बेहतर माहौल – उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया की कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में छात्राओं के मौलिक सु. विधाएं की उपलब्धता सु. निश्चित करने के साथ-साथ अच्छा माहौल भी बनाया जाय, उन्होंने निर्देश दिया कि शिक्षा विभाग के पदाधिकारी जिला एवम प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सप्ताह में एक बार कक्षा लेने एवं करियर काउंसलिंग करने का निदेश दिया, इससे बच्चों में उत्साह बढ़ेगा। छात्राओं के मनो. रंजन हेतु भी आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा। बच्चे है देश के भविष्य रू इनका सर्वांगीन विकास है जरुरी उपायुक्त ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चो के सर्वांगीण विकास पर जोर देने को कहा, बताया कि आंगनबाड़ी कर्मियों को बच्चो के विकास पर ज्यादा फोकस करने की आवश्यकता है, बच्चो में रंगो की पहचान, बड़े छोटे की पहचान, मोटे पतले की पहचान, स्वाद की पहचान आदि विकसित करने का निर्देश दिया. खेल खेल में ही बच्चों में अच्छे संस्कार भी विकसित कर सकते है,उपायुक्त के द्वारा सभी विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने विभाग के कार्यों को तेजी से पूर्ण करे।

## मनरेगा में मची लूट-खसोट के खिलाफ़ माले बैनर तले एकत्रित हुए लोग

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



आज गिरिडीह सदर प्रखंड के बेरदोंगा पंचायत के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाकपा माले नेता राजेश यादव तथा पार्टी के गिरीडीह प्रखंड (ग्रामीण) के सचिव पप्पू खान की अगुवाई में एक मीटिंग कर अपने विभिन्न जन सवालों पर संघर्ष का मोर्चा खोलने का ऐलान किया। मीटिंग में जहां एक तरफ गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ करने की मांग की गई, वहीं मनरेगा के तहत मची लूट के खिलाफ जोरदार लड़ाई शुरू करने का ऐलान किया गया। मीटिंग के दौरान पंचायत वासियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अपनी अन् समस्याओं से भी माले नेता को अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि, किस तरह पीएम आवास सहित मनरेगा की अन्य योजनाओं में लूट मची है। खासकर पीएम आवास में मिलने वाली उनकी मजदूरी की राशि भी मार ली जा रही है। मीटिंग में विचार-विमर्श के उपरांत निर्णय लिया गया कि, पंचायत के सभी गांवों में माले समर्थित श्अखिल भारतीय किसान महासभाश तथा श्झारखंड ग्रामीण मजदूर सभाश का संगठन तैयार कर जनता से जुड़े एक-एक सवाल पर संघर्ष शुरू किया जाएगा। इस मौके पर माले नेता सह किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने प्रशासन को आगाह किया कि, मनरेगा के नाम पर मची लूट पर तत्काल रोक लगाई जाए, नहीं तो इस पंचायत के निवासी प्रखंड परिसर में इकट्ठा होकर लूट के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने सरकारी अस्पताल और स्कूलों को भी दुरुस्त करने की मांग की। कहा कि, सरकारी अस्पताल दुरुस्त नहीं रहने के कारण ही ग्रामीण महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप से बीमारी के इलाज के लिए लोन लेकर बड़ी कर्जदार बनी हुई हैं। सरकार को इन ऋणों को पूरी तरह से माफ करना चाहिए। भाकपा माले नेता राजेश यादव ने रोजगार के अभाव में पलायन को देखते हुए रोजगार सृजन करने वाली अन्य योजनाओं को भी शुरू की और कहा कि, झारखंड में रोजगार के लिए खेती की सिंचाई की मुकम्मल व्यवस्था कर कृषि को बहुफसली बनाने की जरूरत है। इस वर्ष बारिश की खराब स्थिति को देखते हुए तत्काल सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग भी उन्होंने की। आज की बैठक में माले नेता पप्पू खान, स्थानीय मुखिया अर्जुन मरांडी, समाजसेवी घनश्याम दास, संतोष राय, रुस्तम अंसारी, त्रिभुवन यादव, शंकर कोल, रमेश हेंब्रम, द्वारिका कोल, पूरण कोल, किशोर बास्की, राम प्रसाद कोल, श्याम दास, रामलाल हांसदा, मनोज कोल, मेघन दास, वासुदेव कोल, इतवारी कोल, दुर्गा कोल, मनोज कोल, ठाकुर मांझी, रामेश्वर मरांडी, सुखदेव दास, गणपत दास, छोटन कोल, सुखदेव कोल, ठाकुर कोल, अशोक हांसदा, बबुआ हांसदा, सूरज दास, तिलक दास, हरिलाल हांसदा, लच्छू कोल, टिंकू पंडित, बिरका हांसदा, दासो कोल, गणेश बास्की, कैलाश दास, ईश्वर दास, तिलक दास, देवानंद दास, नागेश्वर कोल, बालेश्वर दास, रंजीत हंसदा, केहारी कोल, नंदलाल दास, बच्चू लाल हांसदा, लोरी कोल, पिंटू कोल, प्रधान मुर्मू, अजय दास, धनेश्वर कोल, चरखो हांसदा, नुनु लाल हांसदा, जेठा कोल, इतवारी मुर्मू, सिल्वेस्टर मुर्मू, जादू बेसरा, बालेश्वर दास, शिवम मुर्मू, सिकंदर बेसरा, लीलावती देवी, बसंती देवी, अनिता देवी, मंजू देवी, सोमरी देवी, फुलमुनी देवी, नेमिया देवी, मुलिया देवी, कुंती देवी, लीलावती देवी, सोनिया देवी, रमिया देवी समेत अन्य मौजूद थे । मौजूद सभी लोगों ने भाकपा माले के साथ एकताबद्ध होकर अपने हक-अधिकारों की लड़ाई तेज करने का ऐलान किया।

## जीवी बैठक सपंन्न डीपी बक्सी के तस्वीर पर किया माल्यर्पण

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




संबोधित करते विधायक विनोद कुमार सिंह

बिरनी प्रखंड अंतर्गत के बलगो पंचायत के चिरुडीह गांव में भाकपा माले का जीबी बैठक आयोजित किया गया। जीबी बैठक में पूर्वी भाग के दस पंचायत के अगुआ साथी उपस्थित थे। संगठन विस्तार और पार्टी सदस्या को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही पटना में आयोजित भाकपा माले अधिवेशन को सफल बनाने के लिए जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता पार्टी सचिव सीताराम सिंह ने किया जबकि संचालन मुस्तकीम अंसारी ने किया। वही डीपी बक्सी के तसवीर पर माल्यर्पण करते हुवे। बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने संबोधित करते हुआ कहा कि लड़ाई लड़ी लोग शहीद हुआ जेल के सलाखों में बंद रहे,अलग अलग धर्म,समूह हो,उस आजदी के 75 साल पूरे हो रहे हैं। ये जो समय अमृत काल है। देश आज ही दिन अच्छा ही और हर जगह में अमृत सर बना रहे है।धर्म के नाम पर और जाति के नाम देश को बाटा जा रहा है। जो पहले कार्य कर रहे थे जैसे, धनबाद,झरिया आदि में जो भी बूढ़ा पा में वे इससे अच्छा तरीके से पेट पल लेते थे।आज देखा जा रहा है कि रेलवे,हवाई जहाज,यहां तक रेलवे स्टेशन के बड़ी बड़ी जमीनी भे भेज दिया जा रहे हैं। मौके पर पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त, बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह, जिला सचिव पुरन महतो मुख्य रूप से उपप्रमुख शेखर सुमन, पार्टी के वरिष्ठ साथी बलराम राय, असरेश तुरी अली असगर कामेश्वर मंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त हजारीबाग को शाहिद उर्फ सोनू ने आवेदन देकर कालीकरण एवं पीसीसी पथ सड़क बनाने की मांग की

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ने उप विकास आयुक्त हजारीबाग को आवेदन देकर सोनबरसा मोड़ से नगड़ी कब्रिस्तान तक एवं रेंज ऑफिस मुख्य पथ से भगवान बागी तक कालीकरण एवं पीसीसी सड़क बनाने की मांग की है। आवेदन पत्र की प्रतिलिपि ग्रामीण विकास मंत्री झारखंड सरकार , उपायुक्त हजारीबाग एवं महाप्रबंधक एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइन्स बड़कागांव को दिया है।उक्त आशय की जानक. ारी समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू ने दिया।

